रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सड़कों की स्थिति के कारण रक्षा-कार्यों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की रुकावटें नहीं आई हैं । हरियाणा में केवल ऐसी दो सड़कें हैं और उनका रख-रखाव निर्धारित मानदंड के अनुसार किया जाता है ।

(ग) इन सड़कों के रख-रखाव का कार्य सीमा सड़क संगठन करता है ।

(घ) यातायात में वृद्धि होने और पानी एकत्र हो जाने के कारण इन सड़कों का कुछ हिस्सा खराब हो गया था ।

(ङ) निम्नलिखित कार्य 31-3-1995 तक पूरे किए जाने हैं :—

—25 से 30 कि०मी० हिस्से का पुनः समतलीकरण किया जाना ।

—दो क्षतिग्रस्त पुलियों की मरम्मत ।

—चार नए हूयम पाइप वाली पुलियों का निर्माण ।

—144.55 से 145.75 कि०मी० के हिस्से में बांध का निर्माण तथा दावेदार आधारतल एवं जलबद्ध पक्की सड़क (वाटर बाउंड मैकेडम) की व्यवस्था करना ।

भूतपूर्व सैनिकों को पेंशन का भुगतान

612. श्री रामजी लाल : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भूतपूर्व सैनिकों को समय पर पेंशन प्राप्त होती है ;

(ख) उनकी पेंशनों के भुगतान की राशि में राज्य सरकारों के अंशदान का प्रतिशत कितना है ;

(ग) उसका राज्यवार ब्यौरा क्या है ; और

(घ) हरियाणा सरकार इन पेंशनों के भुगतान पर वार्षिक रूप से कितनी धनराशि व्यय करती है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, सशस्त्र बलों के पेंशनर, पेंशन संवितरण कार्यालयों, राज्य कोषागारों अथवा राष्ट्रीयकृत/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शाखाओं से अपनी पेंशन प्राप्त करते हैं । उपलब्ध सूचना के अनुसार उन्हें पेंशन समय पर मिलती है ।

(ख) सशस्त्र बलों के पेंशनरों को दी जाने वाली पेंशन में राज्य सरकारें कोई अंशदान नहीं देती हैं ।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठते ।

Purchase of jet trainers for Air Force

613. SHRI P. UPENDRA.: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government propose to purchase advanced jet trainers for the Air Force;

(b) if so, what is the present stage of negotiations;

(c) whether Russia has offered transfer of technology for manufacture of an advanced jet trainer Mig-AT in the Hindustan Aeronautics, under the auspices of Indo-Russian Aviation Limited; and

(d) if *M.* what Government's reaction to the same?

THE MINISTER OF STATE IN THE THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI" MALLIKARJUN): (a) Yes, Sir.

(b) Technical negotiations have been completed. Detailed Protect Reports have been prepared to enable commercial negotiations.. No ,formal offer has "been received.'